एनएसएस वालंटियर श्रेया मैनी को मिलेगा राष्ट्रपति से अवार्ड

जासं, जालंधर : केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय की तरफ से युवाओं को लोक कल्याण के कार्यों के लिए प्रोत्साहित करने के लिए अवार्ड समारोह किया जाता है। इसके तहत ही शहर की एनएसएस वालंटियर श्रेया मैनी को मंत्रालय की तरफ से 2021-22 के लिए एनएसएस अवार्ड (वालंटियर श्रेणी) के लिए चुना गया है। श्रेया को 29 सितंबर को राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार, सर्टिफिकेट, सिल्वर पदक के साथ सम्मानित किया जाएगा। खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने श्रेया को इस अवार्ड के लिए चुने जाने पर उसकी मेहनत, संकल्प, दृढ़ निश्चय को सराहा। उन्होंने श्रेया को भविष्य में भी लोक कल्याण के कार्यों के लिए तत्पर रहते हुए देश का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

एनएसएस वालंटियर श्रेया मैनी • सौ. स्वयं

श्रेया ने कोरोना काल के दौरान जागरूकता गतिविधियों और अलग-अलग टीकाकरण कैंपों में हिस्सा लिया था। उसके द्वारा किए मुख्य कार्यों के चलते ही स्वच्छ भारत अभियान, वातावरण संभाल, जरूरतमंदों को गर्म कपड़े प्रदान करना, बेसहारा विद्यार्थियों को स्टेशनरी आइटम और शेल्टर होम में सूखे भोजन की वस्तुएं मुहैया करवाने में अहम योगदान दिया था। यही नहीं, श्रेया की तरफ से गोद लिए गांवों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, उज्जवला योजना और प्रधान मंत्री बीमा योजना जैसी अलग- अलग योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया था।